# वॉम्बैट मैसेडॉन क्षेत्र में नए पार्क

## विक्टोरिया सरकार मध्य पश्चिम विक्टोरिया में 75,000 हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्रफल के नए पार्क और अभ्यारण्य (रिज़र्व) बना रही है, जिनमें तीन नए राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं।

वॉम्बैट मैसेडॉन क्षेत्र में हम एक नया राष्ट्रीय उद्यान, चार नए क्षेत्रीय पार्क, और दो नए संरक्षण पार्क बना रहे हैं।

हम अपने प्राकृतिक पर्यावरण और हमारी बहुमूल्य प्रजातियों की सुरक्षा कर रहे हैं, जिनमें ग्रेटर ग्लाइडर्स, पावरफुल आउल्स और स्विफ्ट पैरट्स शामिल हैं, और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि विक्टोरियावासी हमारे सुंदर, खुले स्थानों का आनंद उठाना जारी रख सकें।

हम स्वदेशी स्थानों से जुड़ाव को समर्थन देने और नए पार्कों एवं अभ्यारण्यों (रिज़र्व) के नाम रखने के लिए पारंपरिक स्वामियों के साथ साझेदारी करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

| **आप नए राष्ट्रीय उद्यानों में ये गतिविधियाँ करने में सक्षम होंगे/होंगी:** | **आप नए क्षेत्रीय पार्कों में ये गतिविधियाँ करने में सक्षम होंगे/होंगी:** |
|---|---|
| बुशवॉकिंग करना, प्रकृति निहार कोना और पिकनिक मनाना | बुशवॉकिंग करना, प्रकृति निहार कोना और पिकनिक मनाना |
| ड्राइव करना और फोर-व्हील वाहन चलाना | ड्राइव करना और फोर-व्हील वाहन चलाना |
| शिविर (कैंप) लगाना | शिविर (कैंप) लगाना |
| मार्गपथों पर साइकिल चलाना | मार्गपथों पर साइकिल चलाना |
| माउंटेन बाइकिंग और साइकिलिंग करना | माउंटेन बाइकिंग और साइकिलिंग करना |
| कुछ क्षेत्रों में कुत्ते को घुमाना | सड़कों पर घुड़सवारी करना |
| सड़कों पर घुड़सवारी करना | कुत्ते को घुमाना |
| मनोरंजन के लिए पूर्वेक्षण करना | |

**हम इनका निर्माण कर रहे हैं:**

- **वॉम्बैट-लर्डरडर्ग राष्ट्रीय पार्क** (मौजूदा राजकीय पार्क के 20,470 हेक्टेयर समेत लगभग 44,700 हेक्टेयर का क्षेत्रफल)

- **हेपबर्न संरक्षण पार्क** (2,714 हेक्टेयर)
- **कोबौ संरक्षण पार्क** (2,532 हेक्टेयर), और
- बार्कस्टेड, ब्लैकवुड, स्पार्गो क्रीक के निकट और मैसेडॉन के पश्चिम में **चार नए क्षेत्रीय पार्क** (जिनका समग्र क्षेत्रफल 15,000 हेक्टेयर से भी अधिक है) और हेपबर्न क्षेत्रीय पार्क में लगभग 3000 हेक्टेयर जोड़ना।

विस्तारित पार्कों और संरक्षण क्षेत्रों के लाभ: वॉम्बैट-लर्डरडर्ग राष्ट्रीय उद्यान ग्रेटर ग्लाइडर समेत कई संकटग्रस्त प्रजातियों के आवासों का संरक्षण करेगा, और अपने शानदार परिदृश्यों का आनंद उठाने के अवसरों के साथ पर्यटन के लिए आकर्षण बन पाएगा।

हेपबर्न और कोबौ संरक्षण पार्क विक्टोरियावासियों को प्रकृति से जुड़ने के और भी अधिक अवसर प्रदान करेंगे।

नए और विस्तारित क्षेत्रीय पार्क सुविधाजनक रूप से क्षेत्रीय कस्बों के निकट स्थित हैं और मनोरंजन के लिए अनेकानेक गतिविधियाँ उपलब्ध कराते हैं, जिनमें घुड़सवारी करना, कुत्ते को घुमाने और मनोरंजन पूर्वेक्षण कर पाना शामिल है।

जैसे-जैसे नए पार्कों और अभ्यारण्यों (रिज़र्व) को स्थापित किया जाएगा, उनमें से कई को आदिवासी (एबोरिजनल) स्थलों के नाम दिए जाएंगे।

## हमारे सार्वजनिक स्थलों, पथमार्गों और सुविधाओं का संवर्धन

विक्टोरिया सरकार $105.6 मिलियन के विक्टोरिया के ग्रेट आउटडोर्स पैकेज (Great Outdoors package) के माध्यम से इस क्षेत्र में कई पहलों को आगे बढ़ाएगी, जिनमें कैंपिंग के लिए मैदानों को बेहतर बनाना और नए व सुधार किए गए पथमार्गों तथा पथमार्गों की सुविधाओं का विकास करना शामिल है।

वॉम्बैट मैसेडोन ब्लॉक में इनमें शामिल हैं: कैरल्स स्प्रिंग्स, वेस्टर्न वॉम्बैट कैंपग्राउंड, वॉम्बैट 4WD टूर-4WD मार्ग, वॉम्बैट वॉकिंग ट्रेल्स पथमार्ग।

विक्टोरिया सरकार ने पहले ही पूरे राज्य-भर में फोर-व्हील ड्राइव मार्गों के लिए $10.5 मिलियन और मध्य पश्चिम में $280,000 का निवेश किया है, तथा आगे और अधिक निवेश भी किया जाएगा।

जून 2029 तक निर्धारित स्थलों से कुछ घरेलू जलाऊ लकड़ी एकत्र करने की अनुमति होगी।

विस्तारित क्षेत्रीय पार्क में मनोरंजन के लिए शिकार करने और बाज़ारी स्तर पर लकड़ी काटने की अनुमति नहीं होगी।

## क्या जारी रखने की अनुमति होगी

राष्ट्रीय पार्क के ऐसे स्थानों में मनोरंजन के प्रयोजन से मौसमी रूप से हिरण का शिकार करने की अनुमति होगी (पीछा करके), जहाँ वर्तमान में इसकी अनुमति है।

इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित नए पार्कों और हेपबर्न क्षेत्रीय पार्क में, तथा भविष्य में स्थापित किए जाने वाले राष्ट्रीय उद्यान के एक छोटे से क्षेत्र में अधिकतम सन 2030 तक बाज़ारी प्रयोजन से लकड़ी काटने (थिनिंग और चयनात्मक कटाई संचालनों) की अनुमति दी जाएगी।

नए वॉम्बैट-लर्डरडर्ग राष्ट्रीय पार्क में बाज़ारी प्रयोजन से लकड़ी काटना। स्थानीय समुदायों के लाभ के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के नए पार्कों में चुने गए निर्धारित स्थलों से जून 2029 तक घरेलू जलाऊ लकड़ी एकत्र कर पाना भी संभव हो पाएगा।

सरकार की प्रतिक्रिया और संबंधित कार्यकाल में परिवर्तन होने के बावजूद भी अग्निशमन प्रबंधन विक्टोरिया (Forest Fire Management Victoria) की फ्रंटलाइन अग्निशमन क्षमता में कोई गिरावट नहीं होगी।

## इन परिवर्तनों के बारे में

ये परिवर्तन विक्टोरियाई पर्यावरण मूल्यांकन परिषद (वीईएसी) [Victorian Environmental Assessment Council (VEAC)] की मध्य पश्चिम जांच अंतिम रिपोर्ट (Central West Investigation Final Report) और इसकी अनुशंसाओं के प्रति विक्टोरिया सरकार की प्रतिक्रिया को प्रतिबिंबित करते हैं।

ये परिवर्तन हमारी बहुमूल्य पर्यावरणीय और जैव-विविधता संबंधी परिसंपत्तियों का संरक्षण करते हैं और एक संवहनीय संतुलन का निर्माण करते हैं, जिसका उद्देश्य भूमि के सभी उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को वर्तमान और भविष्य में पूरा करना है।

आप हमारी वेबसाइट पर सरकार की प्रतिक्रिया देख सकते/सकती हैं: [वीईएसी (VEAC) की मध्य पश्चिम जांच के प्रति विक्टोरिया सरकार की प्रतिक्रिया (forestsandreserves.vic.gov.au)]

यदि आपको समर्थन की आवश्यकता है, तो अनुवाद और भाषांतरण में सहायता के लिए कृपया Translating and Interpreting Service (TIS) से संपर्क करें। TIS National से 131 450 पर (ऑस्ट्रेलिया के अंदर) संपर्क करें या वेबसाइट www.tisnational.gov.au पर जाएँ।